न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपगढ़

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रार्थना पत्र प्र.सं. 11/2023 जीसीएमएस नं. : 2023/31 प्रेमकुमार बनाम जिला रसद अधिकारी विविध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम
24.12.2024	संक्षिप्त में प्रार्थना पत्र के तथ्य इस प्रकार से हैं कि हस्तगत प्रकरण पूर्ववर्ती न्यायालय जिला कलक्टर श्रीगंगानगर से क्षेत्राधिकार परिवर्तन के कारण हस्तांतरित होकर प्राप्त हुआ है, जिसका निस्तारण किया जा रहा है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र मय माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के प्रकरण एसबी क्रिमीनल रिवीजन पिटीशन सं. 1060/2015 में पारित निर्णय दिनांक 02.02.2016 की प्रति प्रस्तुत कर माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना में प्र.सं. 05/2015 अन्तर्गत धारा 6ए आवश्यक वस्तु अधिनियम निर्णय दिनांक 11.05.2015 की पालना में जमाशुदा राशि 1,10,000/- रूपये दिलवाये जाने के आदेश पारित करने हेतु निवेदन किया है। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण में पूर्ववर्ती न्यायायल जिला कलक्टर श्रीगंगानगर से धारा 6ए आवश्यक वस्तु अधिनियम की मूल पत्रावली प्र.सं. 05/2015 तलब की गयी थी। परन्तु पत्रावली प्राप्त नहीं हुई। हस्तगत पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। प्रकरण में किसी प्रकार का निर्णय पारित नहीं कर मात्र माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान जोधपुर द्वारा पारित निर्णय की पालना की जानी है। अतः पत्रावली नम्बर से कम की जाकर शाखा में पृथक से संधारित की जावे। जिला रसद अधिकारी, अनूपगढ़ को प्रार्थी के प्रार्थना पत्र मय संलग्न समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति के प्रेषित करते हुए प्रकरण में अपील/नो अपील की स्थिति एवं अब तक की कार्यवाही के संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन तलब किया जावे। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (अवधेश मीना) जिला कलक्टर अनूपगढ़ I.A.S. कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपगढ़	

न्यायालय जिला कलक्टर अनूपगढ़ (राज.)